# ICT/Computing Skills

**SoftMind**
SYSTEMS (OPC) PRIVATE LIMITED

033 - 2426 2525
+91 9433097755
www.softmind.org

182 Ajoynagar 4th Road, Santoshpur, Kolkata, West Bengal, PIN – 700075 INDIA

**Date :** 30 March, 2020

**Certificate of Appreciation**

This is to certify that LAXMI NARAIN DUBEY COLLEGE, MOTIHARI is hereby recognized and commended for their outstanding contribution to the field of education through the successful organization of the Library Automation KOHA ILS Software Training Workshop. This transformative workshop took place on March, 2020, and played a pivotal role in shaping the intellectual growth and technological proficiency of the participating students. The workshop, focused on Library Automation using KOHA ILS Software. The workshop witnessed the enthusiastic participation of a total of 52 college students, who engaged wholeheartedly in the training sessions, showcasing their eagerness to enhance their skills and adapt to contemporary methodologies.

MANAS BISWAS
Director

SOFTMIND SYSTEMS (OPC) PVT. LTD.

support@softmind.org

**KOHA -ILS Software Training and workshop**

# आम लोगों में सावधानी और जागरूकता के अभाव से तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध

## सभी महाविद्यालयों में प्रत्येक माह साइबर जागरूकता दिवस मनाए जाने का निर्णय

[illegible]




[illegible]

**Cyber Jagrukta Diwas 2022**

## एलएनडी कॉलेज में शुरू होगी सात विषयों में पीजी की पढ़ाई, अधिसूचना जारी

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज की जरूरत समय के साथ हों परिवर्तित : कुलपति

**कार्यक्रम**

- कॉलेज में नवनिर्मित पीजी भवन का कुलपति ने किया उद्घाटन
- पीजी में नामांकन को लेकर 20 दिसंबर से होगा अप्लाई

**प्रतिनिधि, मोतिहारी**

शहर के एलएनडी कॉलेज में सात विषयों में पीजी की पढ़ाई शुरू होगी. इसको लेकर कॉलेज प्रशासन सारी तैयारी पूरी कर ली है. इसी क्रम में शनिवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. (डॉ) शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने शनिवार को नवनिर्मित पीजी भवन का उद्घाटन किया. कुलपति प्रो. चतुर्वेदी ने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण का निरीक्षण किया. इस दौरान कुलपति ने कॉलेज में सत्र 2023 - 25 से सात विषयों में पीजी के पढ़ाई की अधिसूचना जारी की. उन्होंने छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष प्रो. अभय कुमार सिंह को विश्वविद्यालय नामांकन पोर्टल में एलएन डी कॉलेज का नाम जोड़ने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज की जरूरत समय के साथ परिवर्तित होने की है आवश्यकता. प्रो अभय कुमार सिंह ने बताया कि 20 दिसंबर से पीजी में नामांकन के लिए फॉर्म भरा जाएगा. इससे पूर्व कुलपति ने कॉलेज के संस्थापक स्व लक्ष्मी नारायण दूबे तथा संस्थापक प्राचार्य स्व गौकर्ण प्रसाद शर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. एनसीसी कैडेट्स द्वारा कुलपति को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया. कुलपति द्वारा बेस्ट कैडेट्स को मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया. मौके परबी आरएबीयू विधि पदाधिकारी डॉ मयंक कपिला,एम एस कॉलेज प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार, एसएनएस कॉलेज प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार, डा. एसकेएस विमेंस कॉलेज प्राचार्य प्रो. किरण कुमारी, एमजेके कॉलेज बेतिया प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र प्रसाद केसरी, आरएलएस वाई कॉलेज प्राचार्य प्रो. राजेश्वर प्रसाद यादव, पीयूपी कॉलेज प्राचार्य प्रो. कर्मात्मा पांडेय, प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार सिन्हा, लेफ्टिनेंट दुर्गेशमणि तिवारी, डॉ पिनाकी लाहा, डॉ.सर्वेश दूबे, प्रो.राकेश रंजन कुमार, प्रो.अरविंद कुमार, डॉ.कुमार राकेश रंजन, डॉ जौवाद हुसैन, डॉ संतोष विश्नोई, डॉ रविरंजन सिंह, प्रधान सहायक राजीव कुमार, लेखापाल कामेश भूषण, सहायक लेखापाल अखिलेश कुमार तथा प्रतिभागियों की ओर से आकाश गौतम, बिपुल कुमार, रूपाली, भूमि,प्रिया सहित सभी उपस्थित थे.



नव निर्मित पीजी भवन का उद्घाटन करते कुलपति प्रो .( डॉ) शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी , प्राचार्य डॉ अरुण कुमार व अन्य .



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं.

### बीसीए में साइबरण्य के दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन

कुलपति प्रो . चतुर्वेदी, सीसीडीसी प्रो . अमिता शर्मा, डीएसडब्ल्यू प्रो . अभय कुमार सिंह एवम कॉलेज प्राचार्य प्रो ( डॉ) अरुण कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रजवल्लन करते हुए बीसीए विभाग में साइबरण्य के दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया . कॉलेज प्राचार्य प्रो अरुण कुमार ने कुलपति सहित सभी आगंतुक अतिथियो को शॉल, बुके तथा प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया . बीसीए विभाग की छात्राओं ने स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुति दी . बीसीए समन्वयक डा . पिनाकी लाहा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस टेक्निकल समागम से विद्यार्थियों के प्रद्योगिकी संबंधी ज्ञान में निरंतर वृद्धि होती है .

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज की आवश्यकता

## बीआरएबीयू के कुलपति ने एलएनडी कालेज में नवनिर्मित पीजी बिल्डिंग का किया उद्घाटन

- महाविद्यालय में सत्र 2023-25 से सात विषयों में पीजी की पढ़ाई की अधिसूचना भी जारी
- नामांकन पोर्टल से जुड़ा एलएनडी कालेज, 20 दिसंबर से पीजी में नामांकन के लिए आवेदन




एलएनडी कालेज में आयोजित साइबरण्य में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुलपति प्रो . शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी व अन्य। • जागरण

**जागरण संवाददाता, मोतिहारी** : बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा) शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज की महती आवश्यकता है। आज शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में इसका महत्व है। विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सकारात्मक लाभों को अपनाते हुए इसके नकारात्मक पक्ष से बचना चाहिए। नया दौर फिल्म की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य को समय के साथ परिवर्तित होते रहना चाहिए। शिक्षा व्यवस्था की बात करते हुए कुलपति ने कहा कि अपेक्षित सुधार को लेकर विश्वविद्यालय स्तर पर हर संभव कोशिश की जा रही है। वे लक्ष्मी नारायण दूबे महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित टेक्निकल फेस्ट 'साइबरण्य' के तकनीकी सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने महाविद्यालय के नवनिंमित पीजी बिल्डिंग का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर बीआरएबीयू की सीसीडीसी प्रो. अमिता शर्मा, डीएसडबल्यू प्रो. अभय कुमार सिंह एवं कालेज के प्राचार्य प्रो. (डा) अरुण कुमार भी उपस्थित थे। कुलपति ने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण करते हुए भवन को काफी सुव्यवस्थित, मजबूत और आधुनिक मूलभूत आवश्यकताओं से युक्त बताया। इसी क्रम में उन्होंने इस महाविद्यालय में सत्र 2023-25 से सात विषयों में पीजी की पढ़ाई की अधिसूचना भी जारी कर दी। साथ ही उन्होंने छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष प्रो. अभय कुमार सिंह को विश्वविद्यालय नामांकन पोर्टल में एलएनडी कालेज का नाम जोड़ने को लेकर निर्देशित किया। प्रो. अभय कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 20 दिसंबर से पीजी में नामांकन के लिए फार्म भरे जाएंगे। अपने कार्यक्रम के दौरान कुलपति ने महाविद्यालय संस्थापक स्व. लक्ष्मी नारायण दूबे तथा संस्थापक प्राचार्य स्व. गौकर्ण प्रसाद शर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा उन्हें गार्ड आफ आनर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति द्वारा बेस्ट कैडेट्स को मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद कुलपति सहित अन्य अतिथियों द्वारा बीसीए विभाग द्वारा आयोजित टेक्निकल फेस्ट साइबरण्य के तकनीकी सत्र का संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार ने कुलपति सहित सभी अतिथियों को शाल, बुके तथा प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। वहीं, बीसीए विभाग की छात्राओं ने स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुति दी। बीसीए समन्वयक डा. पिनाकी लाहा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि टेक्निकल समागम से विद्यार्थियों के प्रोद्यौगिकी संबंधी ज्ञान में निरंतर वृद्धि होती है। मीडिया प्रभारी डा. प्रभाकर कुमार ने बताया कि शैक्षणिक समागम के इस मौके पर बीआरएबीयू के विधि पदाधिकारी डा. मयंक कपिला, एमएस कालेज के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार, एसएनएस कालेज प्राचार्य डा. प्रदीप कुमार, डा. एसकेएस वीमेंस कालेज की प्राचार्य प्रो. किरण कुमारी, एमजेके कालेज बेतिया के प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र प्रसाद केसरी, आरएलएसवाई कालेज प्राचार्य प्रो. राजेश्वर प्रसाद यादव, पीयूपी कालेज प्राचार्य डा. कर्मात्मा पांडेय, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. (डा) राजेश कुमार सिन्हा, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट दुर्गेशमणि तिवारी, भौतिकी विभागाध्यक्ष डा. पिनाकी लाहा, परीक्षा नियंत्रक-सह अर्थपाल डा. सर्वेश दूबे, भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश रंजन कुमार, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. कुमार राकेश रंजन, उर्दू विभागाध्यक्ष डा. जौवाद हुसैन, हिंदी विभागाध्यक्ष डा. संतोष विश्नोई, हिंदी के सहायक आचार्य डा. रविरंजन सिंह, प्रधान सहायक राजीव कुमार, लेखापाल कामेश भूषण आदि उपस्थित थे।








**National Level Workshop by NISM**


श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत
National Career Service
डिजिटल युग में युवाओं को सक्षम बनाएगा
नेशनल करियर सर्विस का 'Digisaksham'
निःशुल्क ट्रेनिंग
Excel
Python
Azure
Java
Security Fundamentals
आपके अंदर है सीखने की लगन
तो आपका पूरा साथ देंगे हम
Toll Free Number : 1800-425-1514
www.ncs.gov.in
www.labour.gov.in @labourministry LabourMinistry @LabourMinistry LabourMinistry @labourministry


श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत
National Career Service
Sharpen Your Skills through Digisaksham
3 Types of Training
Self Paced Learning
Virtual Instructor led training (VILT)
Instructor led training (ILT)
Note: Instructor let training will be held at MCC (Model Career Centre) & National Career Service Centre across the country.
Toll Free Number : 1800-425-1514
www.ncs.gov.in
www.labour.gov.in @labourministry LabourMinistry @LabourMinistry LabourMinistry @labourministry




**“Digisaksham” Training WhatsApp Group for BOYS students**




**“Digisaksham” Training WhatsApp Group for Girls Students**